(1)

Dr. Honey Singh
(Assistant Professor)
Dept. of Commerce

Lecture :- 32

Sub :- Financial Accounting (Hons)
Paper :- 1st

SNS RKS College, Saharsa

B.Com Part-1st

Sub :- Financial Accounting (Hons)

Introduction *

Advantages of Joint Venture
(संयुक्त साहस के लाभ)

सीमित अवधि में स्वतः समाप्त हो जाने वाले व्यापार के लिये संयुक्त साहस व्यापार सबसे उपयुक्त है। इस व्यापार के संचालन से अग्रलिखित लाभों की प्राप्ति होती है :-

1. **पर्याप्त पूंजी की उपलब्धता (Availability of Adequate Capital)** – संयुक्त साहस में कम से कम दो व्यक्ति रहने से एकाकी व्यापार की तुलना में पूंजी की मात्रा बढ़ जाती है। इस व्यवसाय में सदस्यों की अधिकतम संख्या पर प्रतिबन्ध नहीं रहने से अल्पावधि - बहु - पूंजीगहन व्यापारों को पूरा करने में सरलता से पर्याप्त पूंजी इकट्ठी हो जाती है।

2. **जोखिम का विभाजन (Division of Risk)** – संयुक्त साहस का व्यावसायिक जोखिम सभी साहसियों के बीच विभाजित हो जाता है।

3. **दायित्व का सीमांकन (Limitation of Liabilities)** – संयुक्त साहस में साहसी का दायित्व आपसी समझौते पर आधारित होता है। ऐसी स्थिति में समझौते के द्वारा

किसी भी सह-साहसी के दायित्व में परिवर्तन किया जा सकता है।

4. **कार्यों का विभाजन (Division of Work)** - संयुक्त साहस में समझौते के द्वारा यह भी तय किया जा सकता है कि एक सह-साहसी फण्ड की व्यवस्था करेगा, दूसरा माल का क्रय करेगा, तीसरा विक्रय का कार्य करेगा, चौथा श्रेष्ठ तकनीकी ज्ञान देगा आदि। इस ढंग से किए गए संयुक्त साहस व्यापार को विशिष्ट सह-साहसी से विशिष्ट लाभों की प्राप्ति होती है।

5. **व्यावसायिक कुशलता और अनुभव की प्राप्ति (Availability of Business skill and Experience)** - संयुक्त साहस विशिष्ट अल्पकालीन पूंजी गहन व्यवसायों में विशेष रूप से लोकप्रिय है। ऐसे क्षेत्र के संयुक्त साहस में संलग्न सह-साहसियों को पर्याप्त व्यावसायिक कुशलता और अनुभव रहता है जिसका लाभ संयुक्त साहस व्यापार को प्राप्त होता है।

6. **विवाद रहित व्यवसाय (Disputeless Business)** - संयुक्त साहस किसी विशिष्ट व्यवसाय के लिये होता है, यह विशिष्ट कार्य अल्प समय में स्वतः पूरा हो जाता है। परिणामस्वरूप विवादों के उठने की न्यूनतम संभावना रहती है।

7. **सह-साहसी को लाभ (Advantages to Co-Vender)** - संयुक्त साहस के सह-साहसीगण संयुक्त साहस से मिलता-

3

फलता प्रतियोगी व्यापार करने के लिये स्वतन्त्र होते हैं। इससे उनकी व्यावसायिक स्वतन्त्रता बाधित नहीं होती है।

8. **वैधानिक बन्धन नहीं (No Restriction of Law)** - संयुक्त साहस को प्रारंभ करने के लिये कोई विशिष्ट अधिनियम नहीं है। इस कारण यह व्यवसाय सरलता-पूर्वक किया जा सकता है।

* लेखांकन व्यवहार * (Accounting Treatment)

संयुक्त साहस व्यापार में लाभ-हानि को निकालने और अन्तिम भुगतान हेतु लेखांकन की विधि आपसी अनुबन्ध व्यापार की प्रकृति, उपक्रम की अवधि और आपसी सुविधा पर निर्भर करती है। अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार निम्नलिखित में से किसी एक विधि को उपयोग में लाया जा सकता है। जो निम्न हैं:-

1) जब केवल एक सह-साहसी के द्वारा खाते रखे जाए
2) जब सभी सह-साहसियों के द्वारा खाते रखे जाए।
3) जब संयुक्त साहस के लिये अलग बहियां रखी जाए, और संयुक्त बैंक खाता खोला जाए।
4) जब प्रत्येक सह-साहसी केवल अपने लेन-देन का लेखा करें।

The end

Dr. Honey Sinha
(Assistant Professor)
Dep of Commerce
Sub :- Financial Accounting (Hons)
Paper :- 1st
SNS RKS College, SAHARSA